17072025-DTM-10_27DT02A.qxd 7/16/2025 11:05 PM Page 1



ममता की भारतीय जनता पार्टी को चेतावनी

बांग्ला भाषियों का उत्पीड़न बंद न किया तो भयानक राजनीतिक परिणाम भुगतने होंगे

कोलकाता, 16 जुलाई (एजेंसी)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश भर में बांग्ला भाषी लोगों को परेशान करने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने की नीति अपनाने का आरोप लगाया और भगवा पार्टी को चेतावनी दी कि अगर उसने इस तरह की हरकतों पर तुरंत रोक नहीं लगाई तो उसे गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने होंगे। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र की सत्तारूढ़ सरकार राज्यों में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए 'भारत के चुनाव आयोग को प्रभावित' कर रही है। वह भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों पर कथित अत्याचार के खिलाफ बारिश से भीगे कोलकाता में एक विरोध मार्च निकालने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, 'मैंने अब से ज़्यादा बांग्ला में बोलने का फैसला किया है, अगर हो सके तो मुझे डिटेंशन कैंप में बंद कर दो।' देश के अन्य हिस्सों में बंगाल के लगभग 22 लाख प्रवासी कामगारों के काम करने का ज़िक्र करते हुए, जिनके पास आधार, ईपीआईसी और पैन कार्ड जैसे वैध पहचान पत्र हैं, बनर्जी ने कहा कि वह तुच्छ आधार पर उनके साथ किए गए किसी भी अनादर को बर्दाश्त नहीं करेंगी। तृणमूल कांग्रेस अमूमन 21 जुलाई को हर साल आयोजित की जाने वाली अपनी शहीद दिवस रैली से पहले बड़े कार्यक्रमों से दूरी बनाए रखती है। लेकिन ओडिशा में प्रवासी कामगारों की हिरासत, दिल्ली में अतिक्रमण रोधी अभियान और असम में एक विदेशी न्यायाधिकरण द्वारा कूच बिहार के एक किसान को नोटिस जारी करने जैसी हालिया घटनाओं ने पार्टी को अपना रुख बदलने पर मजबूर कर दिया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को कोलकाता में पार्टी के विरोध मार्च का नेतृत्व करते हुए। -प्रेट्र

'खेला होबे' के नये दौर के लिए तैयार रहे भाजपा

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने रैली में आरोप लगाया, 'मैं केंद्र सरकार के उन नोटिसों को चुनौती दूंगी जो बंगाली भाषी लोगों को परेशान करने और मामूली संदेह पर उन्हें हिरासत में लेने के लिए भाजपा शासित राज्यों को गुप्त रूप से भेजे गए थे।' उन्होंने कहा कि भगवा खेमे को 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान 'खेला होबे' के एक नये दौर के लिए तैयार रहना चाहिए।

मोदी के राज्य के दौरे से एक दिन पहले विरोध प्रदर्शन

मध्य कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से दोपहर लगभग पौने दो बजे शुरू हुए मार्च में बनर्जी ने हजारों लोगों का नेतृत्व किया और इस दौरान तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्य के निर्धारित दौरे से एक दिन पहले हो रहे हैं।

सुक्खू सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जीती कानूनी जंग

कड़छम-वांगतू जलविद्युत परियोजना से हिमाचल को मिलेंगे 250 करोड़

शिमला, 16 जुलाई (हप्र)

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार को एक और बड़ी कानूनी जीत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने बहुप्रतीक्षित कड़छम-वांगतू जलविद्युत परियोजना पर राज्य सरकार के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए रॉयल्टी को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का आदेश दिया है। यह निर्णय राज्य की आर्थिक स्थिति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सीएम सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हिमाचल की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने की कोशिश में जुटी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से न केवल हिमाचल प्रदेश को हर साल 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी बल्कि भविष्य में ऐसी अन्य परियोजनाओं से भी लगभग 250 करोड़ रुपए सालाना की अतिरिक्त आमदनी संभावित है। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री सुक्खू ने व्यक्तिगत रुचि लेकर इसे राज्य के अधिकार और संसाधनों की रक्षा के रूप में देखा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2024 के आदेश को पलट दिया, जिसमें केवल 12 प्रतिशत रॉयल्टी को मान्यता दी गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, प्राग त्रिपाठी, महाधिवक्ता अनूप कुमार रतन और अतिरिक्त महाधिवक्ता बैभव श्रीवास्तव ने राज्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में मामले की प्रभावी पैरवी की।



रॉयल्टी विवाद की पृष्ठभूमि

1045 कड़छम-वांगतू परियोजना सितंबर 2011 से चालू है। वर्ष 1999 में सरकार और कंपनी जेएसडब्लू एनर्जी के बीच हुए समझौते के तहत पहले 12 वर्षों तक 12 और उसके बाद 18 फीसद रॉयल्टी तय की गई थी। जब 12 वर्ष पूरे होने के बाद सितंबर 2023 से कंपनी को अतिरिक्त रॉयल्टी देनी थी, तो उसने इससे इनकार कर दिया और मामला हाईकोर्ट पहुंचा। जहां सरकार को झटका लगा। लेकिन राज्य सरकार ने हार नहीं मानी और सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर अंतिम जीत हासिल की।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन :
0172-2670319, 2670250, 2670442
या ई-मेल करें :
Circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257, 2670338
या ई-मेल करें :
classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256, 2670342
या ई-मेल करें :
advt@tribunemail.com

प्रकाशक नरेश कौशल व मुद्रक अमित शर्मा द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
प्रधान संपादक : ज्योति मल्होत्रा
संपादक : नरेश कौशल*
***पी.आर.पी. एक्ट, 2023 के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।**

उम्र और मैराथन के शहंशाह थे 114 वर्ष के 'युवा' फौजा सिंह

डॉ. कृष्ण कुमार रत्तू

इस दुनिया का जीवित अजूबा बने रहने वाले मैराथन धावक फौजा सिंह अब दौड़ते नजर नहीं आएंगे। वे पूरी दुनिया की सड़कों पर वाहेगुरु का नाम जपते हुए, खंडे के लोगो वाली सफेद टी-शर्ट पहने, हवा से बातें करते हुए इस तरह चलते थे, मानो रुमकती हवा का बुलबुला यादों की कहानी कह रहा हो। यही थी दुनिया के महान मैराथन धावक फौजा सिंह की जिंदगी और शख्सियत की एक पहचान। वे 114 वर्ष के ऐसे बुजुर्ग 'युवा' धावक थे, जो उम्र का मजाक उड़ाने वाले और उड़ती हवा के बुलबुले के साथ वाहेगुरु को याद करने वाली एक जादुई शख्सियत थे। उनके साथ घंटों तक खत्म न होने वाली यादों और बातों का सिलसिला शुरू होता था, तो ख़त्म होने का नाम ही नहीं लेता था। फौजा सिंह वास्तव में 114 वर्ष की उम्र में भी युवाओं की तरह बातें करने वाले मैराथन धावक थे। एक कार हादसे में जालंधर में वे अचानक इस दुनिया से रुखसत हो गए।

पूरी दुनिया में 'पगड़ी वाला तूफान', 'रनिंग बाबा' और 'सुपर सिख' जैसे खिताबों के साथ धाक जमाने वाले फौजा सिंह का जन्म 1 अप्रैल, 1911 को जालंधर के पास ब्यास गांव में हुआ था। बाद में वे एक भारतीय मूल के सिख एथलीट के रूप में ब्रिटिश नागरिक बन गए। 2003 में 92 वर्ष की उम्र में उन्होंने टोरंटो मैराथन में दौड़कर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2004 में ही फौजा सिंह को स्पोर्ट्सवेयर निर्माता एडिडास के समर्थन में विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों डेविड बेकहम और मोहम्मद अली के साथ खड़े देखा गया था। किसी पंजाबी एथलीट के लिए यह गर्व के पल थे, जिन्हें वे बड़े चाव के साथ सुनाते थे। उन्होंने 89 साल की उम्र में गंभीरता से दौड़ना शुरू किया था। वे कहते थे कि यह उनकी अच्छी किस्मत थी कि उनकी मुलाकात पूर्व पेशेवर धावक हरमंदर सिंह से हुई, जो उनके कोच और दोस्त बने। इसके बाद वे लंदन मैराथन में शामिल हुए। उनके कोच हरमंदर कहते थे, 'यह मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने एक दर्जन से अधिक पूर्ण और अर्ध-मैराथन दौड़ पूरी कीं।' उनकी सेहत की जांच से पता चला था कि उनकी हड्डियां 35 साल के व्यक्ति जैसी थीं। फिर भी, उनका दावा था कि वे कभी दूध नहीं पीते, क्योंकि उन्हें बलगम जमा होने का डर था। अपनी बाकी खुराक के बारे में पूछे जाने पर वे हंसते हुए कहते थे, 'मैं घंटों बात कर सकता हूं, लेकिन यह कोई नई या जादुई चीज नहीं है। पंजाबी लोग जानते हैं कि खान-पान की क्या अहमियत है। मैं बस उतना ही खाता हूं, जितनी मुझे जरूरत है... थोड़ी सी दाल और रोटी, गोभी और चाय। अगर मैं हर वक्त पेट भरकर खाऊं, तो शायद मर जाऊं।' फौजा सिंह रोजाना 10 से 15 किलोमीटर दौड़ते थे। वे कहते थे, 'तुम्हें अपना इंजन चलता रखना पड़ता है। मुझे अपनी जिंदगी में बहुत गर्व है कि मुझे पारिवारिक रूप से फौजा सिंह जी के साथ जालंधर में समय बिताने का मौका मिला। जब भी वे हमारे घर आए, एक परिवार के बड़े सदस्य की तरह व्यवहार करते और आशीर्वाद देते रहे। जब भी उनसे बातें हुईं, वे बिना किसी परहेज के साधारण दाल-रोटी और मिठाई खा लेते थे। उनके अनुसार, दौड़ना ईश्वर की इबादत है, इससे मन और शरीर की एकाग्रता बढ़ती है और लंबी उम्र मिलती है। सिंह कई बार वे परिवार से छिपकर दौड़ने चले जाते और रिकॉर्ड बनाकर लौट आते। कई रिकॉर्डों के बारे में वे कहते थे, 'मैं इतना चिंतित था कि शायद मैं इसे पूरा न कर सकूं। मैंने किसी को नहीं बताया कि मैं यह कर रहा हूं। मैं बस उस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहता था।' पंजाबी में बात करते हुए फौजा सिंह कहते थे कि दौड़ने ने उन्हें मकसद और शांति का अहसास दिया। उन्होंने कहा,' छोटी-छोटी बातों की चिंता क्यों करनी? मैं तनाव नहीं लेता। तुमने कभी नहीं सुना कि कोई खुशी से मर गया।' हमारे समय के इस महान धावक की यादें हमें हमेशा प्रेरित करती रहेंगी।

यादों के झरोखे से

लेखक दूरदर्शन के उप-महानिदेशक रह चुके हैं।

कर्नल बाठ मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी

चंडीगढ़, 16 जुलाई (एजेंसी)

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पार्किंग विवाद को लेकर पंजाब के पुलिस कर्मियों की ओर से एक कर्नल पर कथित तौर पर हमला किये जाने के मामले की जांच बुधवार को सीबीआई को सौंपी। यह घटना 13 मार्च की देर रात पटियाला में तब हुई जब कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ और उनका बेटा सड़क किनारे एक ढाबे पर खाना खा रहे थे। हाईकोर्ट ने मामले की जांच को लेकर चंडीगढ़ पुलिस को फटकार लगायी थी। याचिकाकर्ता बाठ के वकील ने बताया कि उनके मुवक्किल ने अपनी नयी याचिका में मामले की स्वतंत्र जांच, अधिमानतः सीबीआई से कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुनवाई के बाद जस्टिस राजेश भारद्वाज की अदालत ने मामला सीबीआई को हस्तांरित कर दिया। हाईकोर्ट ने इस मामले की जांच चंडीगढ़ पुलिस को सौंपी थी और उसे चार महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था। यह जांच चंडीगढ़ के एसपी मंजीत श्योराण के नेतृत्व में एक एसआईटी कर रही थी। याचिका में कहा गया है, 'इस मामले की जांच 3 अप्रैल, 2025 को चंडीगढ़ पुलिस को सौंपी गयी थी, लेकिन यह अत्यंत निराशा के साथ कहना पड़ रहा है कि प्राथमिकी दर्ज होने के साढ़े तीन महीने से ज़्यादा और चंडीगढ़ पुलिस को जांच सौंपे जाने के तीन महीने बीत जाने के बावजूद, अब तक न तो एक भी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और न ही किसी आरोपी को जांच से संबद्ध किया गया है।'

दिल्ली के 4 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नयी दिल्ली, 16 जुलाई (एजेंसी)

दिल्ली के चार निजी स्कूलों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अधिकारियों ने गहन जांच के लिए परिसर तत्काल खाली करा लिए। दमकल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह लगातार तीसरा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल से बम रखे होने की धमकी दी गई है। इससे पहले पिछले दो दिन में स्कूलों में बम रखे होने की धमकी, जांच में झूठी साबित हुई है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि द्वारका स्थित सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुबह पांच बजकर 26 मिनट पर इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई।

प्रमुख गठबंधन पार्टी का नेतन्याहू सरकार से समर्थन वापस

तेल अवीव, 16 जुलाई (एजेंसी)

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक प्रमुख गठबंधन सहयोगी ने बुधवार को कहा कि वह सरकार से समर्थन वापस ले रहा है, जिससे संसद में उनके पास अल्पमत रह जाएगा। अति-रूढ़िवादी शास पार्टी ने कहा कि वह व्यापक सैन्य मसौदा छूट प्रदान करने के लिए प्रस्तावित कानून पर मतभेद के कारण सरकार से अलग हो रही है। इसी मुद्दे पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक अन्य अति-रूढ़िवादी पार्टी ने भी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। अल्पमत सरकार का नेतृत्व करना नेतन्याहू के लिए एक चुनौती बन सकता है। हालांकि, शास ने कहा कि गठबंधन से बाहर होने के बावजूद वह सरकार को कमजोर करने का प्रयास नहीं करेगा और कुछ कानूनों पर सरकार के समर्थन में वोट कर सकता है।

सुप्रीमकोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ एसआईटी जांच पर उठाये सवाल

नयी दिल्ली, 16 जुलाई (एजेंसी)

कहा-पोस्ट को लेकर दर्ज एफआईआर तक सीमित रहें, 4 हफ्तों में रिपोर्ट दें

सुप्रीमकोर्ट ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सोशल मीडिया पोस्ट करने के आरोप में अशोका यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज मामले में बुधवार को हरियाणा एसआईटी की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'यह गलत दिशा में जा रही है।' जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की अगुवाई वाले हरियाणा के विशेष जांच दल (एसआईटी) से कहा कि वह अली खान महमूदाबाद के खिलाफ उनके विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दर्ज दो प्राथमिकियों तक ही सीमित रहे और यह देखे कि क्या कोई अपराध हुआ है और 4 हफ्तों में अपनी रिपोर्ट पेश करे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम जानना चाहते हैं कि एसआईटी खुद को गलत दिशा में क्यों ले जा रही है। उनसे पोस्ट की विषयवस्तु की पड़ताल करने की अपेक्षा की जाती है।' पीठ ने कहा कि वह जांच में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती, लेकिन उसने मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त किए जाने पर सवाल उठाया। महमूदाबाद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अदालत द्वारा एसआईटी को एफआईआर की विषय वस्तु पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिए जाने के बावजूद, उसने प्रोफेसर से जब्त किए गए उपकरणों को जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि महमूदाबाद जांच में सहयोग कर रहे थे, इसलिए उन्हें दोबारा तलब करने की कोई जरूरत नहीं थी।

जीत के बाद भी इंग्लैंड के अंक कटे

लंदन, 16 जुलाई (एजेंसी)

डब्ल्यूटीसी तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका

इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया क्योंकि उसकी टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में इंग्लैंड के से 24 से घटकर 22 हो गए हैं। श्रीलंका को इसका फायदा मिला और वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तक अपने तीनों मैच जीतकर 100 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है।

रूट नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाजी में बूमराह का दबदबा

दुबई : इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने एक सप्ताह के अंदर फिर से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गये। भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं।

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा करें बहाल : कांग्रेस

नयी दिल्ली, 16 जुलाई (एजेंसी)

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में एक विधेयक लाकर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। उन्होंने यह मांग भी उठाई कि सरकार केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत शामिल करने के लिए भी विधेयक लाए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, :पिछले पांच वर्षों से, जम्मू-कश्मीर के लोग लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

हॉक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड
Hawk Capital Private Limited

हॉक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 704, 7वीं मंजिल, दीपाली बिल्डिंग, 92, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019

बिक्री हेतु सार्वजनिक नीलामी

यह सार्वजनिक नोटिस सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट, नियमों 2002 के नियम 8 व 9 के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनांशियल एस्सेट्स एंड एनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी) के अनुसार जारी किया जा रहा है। नीचे वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा, हॉक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड (एचसीपीएल) के 'प्राधिकृत अधिकारी' के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा लिया गया है। यह कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक, 1934 की धारा 45-आईए के अंतर्गत पंजीकृत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और एचसीपीएल के सुरक्षित ऋणों की वसूली के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निमाण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 2 (एम) के अंतर्गत एक वित्तीय संस्थान है। अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित कर्जदारों/गारंटरों की संपत्तियों को बेचने का निर्णय लिया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं से नीचे वर्णित संपत्ति/संपत्तियों को ''जहां है जैसी है'', ''जो है जैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर खरीदने के लिए मोहरबंद लिफाफों में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

खाते कर्जदार/ मोर्टगेजर का नाम	नियत तिथि को बकाया	प्रापर्टी का विवरण	आरक्षित मूल्य	अग्रिम राशि (आरपी का 10%	कब्जे की स्थिति
कर्जदार- मै. वी.जी. वीविंग प्रा. लिमि. आफिस : एन-17ए, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110092 मोर्टगेजर एवं गारंटर 1. मनोज कुमार चुघ, 2. राम प्रकाश चुघ	रु. 10,69,95,014/- (रु. दस करोड़ उनहत्तर लाख पचानवे हजार चौदह केवल) साथ ही अगला ब्याज, अन्य खर्चें एवं चार्जेज़, 06.11.2024 से भुगतान की तिथि तक दस्तावेजी दर पर।	जमीन व बिल्डिंग माप 3 बीघा 17 बिस्वा खसरा नं. 5217 Min (2-6), 5218/2 (1-1) खेवट नं. 1606/2016 तथा खसरा नं. 5216/3(1-19), 5217 (1-6), 5218 (3-3), 5219 Min(1-9) खेवट नं. 1523 पट्टी इंसार, निकट बिचपड़ी चौक, बरसत रोड, पानीपत में, वसीका नं. 4293 तिथि 09.09.2002 अधीन टाइटल डीड के तहत, माप 3850 वर्ग गज, मै. वी.जी. वीविंग प्रा. लिमि. के स्वामित्त्व में, सीमाएं हैं : उत्तर : 180'-0' मेन रोड, दक्षिण : 180'-0' अन्य प्रापर्टी, पूर्व : 194'-0' रोड, पश्चिम : 194'-0' अन्य मकान एवं दुकान।	रु. 35400000/- (रु. तीन करोड़ चौवन लाख केवल)	रु. 35,40,000/- (रु. पैंतीस लाख चालीस हजार केवल)	प्रतीकात्मक कब्जा

पेशकशें प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं स्थान : हॉक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, 704, सातवां तल, दीपाली बिल्डिंग, 92, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 में 18.08.2025 को अप. 2.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : हॉक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, 704, सातवां तल, दीपाली बिल्डिंग, 92, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 में 18.08.2025 को अप. 4.00 बजे।
शर्तें एवं प्रतिबंध : बिक्री की विस्तृत शर्तों एवं प्रतिबंधों को www.thehawkcab.com पर सुरक्षित क्रेडिटर की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।
किसी भी पूछताछ के लिए कृपया प्रातः 10 बजे से अप. 5.00 बजे तक संपर्क करें : 9911387988, 7355584371 या हमें hawkcap1955@gmail.com पर लिखें।
दिनांक 17.07.2025
स्थान : पानीपत
DI-9569
हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, हॉक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड।